# ट्रैक्टर पलटने से 4 दोस्तों की मौत

## डिंडौरी से गिट्टी लेने अनूपपुर आए थे, जेसीबी की मदद से निकाले गए शव, पुलिस जुटी जांच में

**अनूपपुर, 19 अप्रैल. जिले में रविवार सुबह एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गड्ढे में पलट गया. जिसके नीचे दबने के कारण चार दोस्तों की मौके पर ही मृत्यु हो गई. सभी मृतक पड़ोसी जिले डिंडौरी के रहने वाले थे.**



पुलिस के अनुसार डिंडौरी जिले के करंजिया थाना क्षेत्र के ग्राम भीमकुंडी से चार दोस्त ट्रैक्टर लेकर गिट्टी (क्रेशर) लेने के लिए अनूपपुर के पौनी गांव आ रहे थे. सुबह करीब 6 बजे करन पठार थाना क्षेत्र के ठाड़ पाथर के पास अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और सड़क से नीचे उतरकर पलट गया.हादसा इतना भीषण था कि चारों ट्रैक्टर और ट्रॉली के नीचे दब गए थे. शवों को निकालने के लिए जेसीबी की मदद लेना पड़ी. हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई. सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटना स्थल पर पहुंची. ट्रैक्टर का इंजन और हिस्सा युवकों के ऊपर ही पलट गया था, जिसके कारण उन्हें बाहर निकालना मुश्किल हो रहा था. पुलिस ने जेसीबी मशीन मंगवाई और भारी मशक्कत के बाद दबे हुए शवों और ट्रैक्टर को गड्ढे से बाहर निकाला गया.

अनूपपुर पुलिस अधीक्षक मोतिउर रहमान ने बताया कि सभी मृतक डिंडौरी के थे. जिसमे से एक नाबालिग था.

मृतकों में 24 वर्षीय अंकुश उइके ट्रैक्टर चालक और मालिक, 18 वर्षीय ब्रजेश पेंदो,18 वर्षीय रवींद्र कुमार गोयल एवं 17 वर्षीय प्रकाश मार्को सभी निवासी भीमकुंडी. सुबह-सुबह हुए इस दर्दनाक हादसे की खबर जैसे ही भीमकुंडी गांव पहुंची, वहां मातम छा गया. एक साथ चार युवकों की मौत से पूरा गांव सदमे में है. पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और हादसे के कारणों की विस्तृत जांच कर रही है.

### सड़क हादसे में तीन किशोरों की मौत

**अलीराजपुर, 19 अप्रैल.** जिले के बोरी गांव में देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में तीन किशोरों की मौके पर ही मौत हो गई. हादसा उस समय हुआ जब तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर एक शादी समारोह से लौट रहे थे. पुलिस सूत्रों के अनुसार घर से करीब 100 मीटर पहले ही उनकी बाइक अज्ञात वाहन की चपेट में आ गई. टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया. हादसा रात लगभग दो बजे का बताया गया है. मृतकों की पहचान रोशन (17), अनिल (14) और सावन (15) के रूप में हुई है. इनमें दो किशोर बोरी थाना क्षेत्र के निवासी थे, जबकि एक धार जिले के बाग क्षेत्र का रहने वाला था. घटना के बाद शवों को बोरी स्वास्थ्य केंद्र लाया गया. एहतियात के तौर पर क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है.

# कार्य में लापरवाही बरतने पर 7 अधिकारियों को नोटिस



4 इंजीनियरों का वेतन रोका

**ग्वालियर, 19 अप्रैल. नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने लापरवाही बरतने पर सिटी प्लानर सहित 7 अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी कर 4 इंजीनियरों के वेतन आहरण पर रोक लगाई है.**

सिटी प्लानर महेंद्र अग्रवाल द्वारा सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर, सहायक यंत्री अशोक गुप्ता, क्षेत्राधिकारी अनिल श्रीवास्तव, उप यंत्री राम सेवक शाक्य, क्षेत्राधिकारी अभय प्रताप सिंह तोमर, क्षेत्राधिकारी अमित साहू एवं सहायक जनसंपर्क अधिकारी उमेश गुप्ता द्वारा सौंपे गए कार्य में लापरवाही बरतने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया. इसके साथ ही उपयंत्री मनीष यादव द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत सौंपे गए कार्य को ठीक से नहीं करने पर आगामी आदेश तक वेतन आहरण पर रोक लगाई है. इसके साथ ही उपयंत्री जल प्रदाय राम सेवक शाक्य, संदीप श्रीवास्तव एवं सूरज प्रताप सिंह द्वारा सीएम हेल्पलाइन के निराकरण का कार्य जिम्मेदारी से नहीं करने पर आगामी आदेश तक वेतन आहरण पर रोक लगाने हेतु मुख्य अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ग्वालियर को पत्र लिखा है.

# आरोपी ने दुष्कर्म व धर्म परिवर्तन का बनाया दबाव

- छात्रा ने थाने में आरोपी के खिलाफ की शिकायत
- पीड़िता इंदौर में बीएससी की कर रही पढ़ाई

**इंदौर. शहर में एक छात्रा के साथ नाम छिपाकर दोस्ती करने, नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म करने और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने का गंभीर मामला सामने आया है. पीड़िता की शिकायत पर महिला थाने में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है.**



पीड़िता इंदौर में रहकर बीएससी की पढ़ाई कर रही है, उसकी मुलाकात करीब एक साल पहले खजराना निवासी राहुल उर्फ अब्दुल अजीज पठान से हुई थी. आरोपी ने पहले दोस्ती की और घुमाने के बहाने उसे शहर के बाहर ले जाकर कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया. आरोप है कि इसके बाद आरोपी उसे अपने घर ले गया, जहां फिर से नशा कराकर उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए और उसका आपत्तिजनक वीडियो बना लिया. बाद में उसने अपना असली नाम बताकर वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए पीड़िता पर इस्लाम कबूल करने और साथ रहने का दबाव बनाया. पीड़िता का कहना है कि आरोपी लंबे समय तक ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करता रहा.

# हाईकोर्ट के आदेश से खत्म हुआ 15 साल का विवाद

**खंडवा।** मध्य प्रदेश के खंडवा में शनिवार का दिन राठौर समाज के लिए ऐतिहासिक साबित हुआ। करीब डेढ़ दशक से चले आ रहे विवाद और संगठनात्मक ठहराव का अंत करते हुए 'राठौर सकल पंच ट्रस्ट' के चुनाव जिला प्रशासन की सख्त निगरानी में सफलतापूर्वक संपन्न कराए गए। यह प्रक्रिया समाज के लिए केवल चुनाव नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक अधिकारों की पुनर्स्थापना के रूप में देखी जा रही है। जानकारी के अनुसार, ट्रस्ट की कार्यप्रणाली और गठन को लेकर वर्षों से विवाद बना हुआ था, जिसके चलते मामला न्यायालय में विचाराधीन था। इस दौरान समाज का एक बड़ा वर्ग निर्णय प्रक्रिया से दूर रहा। अंततः माननीय हाईकोर्ट ने रीट पिटीशन क्रमांक 3614 पर सुनवाई करते हुए पूर्व नियुक्तियों को निरस्त किया और एसडीएम को 60 दिनों के भीतर पारदर्शी चुनाव कराने के निर्देश दिए।

# दमोह में जमीन विवाद में 18 राउंड फायरिंग

- घायल पिता-पुत्र को जबलपुर किया रेफर
- परिजन बोले - 18 राउंड फायरिंग हुई

नवभारत, न्यूज

**दमोह.जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले हरद्वानी गांव में शनिवार देर रात जमीन विवाद को लेकर गांव के ही कुछ लोगों ने एक शादी समारोह में पिता-पुत्र पर गोली चला दी, जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों को इलाज के लिए तत्काल 108/112 की सहायता से जिला अस्पताल लाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर ड्यूटी रत डॉक्टर मधुर चौधरी और आशुतोष पटेल ने दोनों को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है.**



घायलों के बयानों के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है.परिजनों के अनुसार आरोपियों ने 18 राउंड फायर किए हैं.पुलिस प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों के आधार पर भी इस मामले की जांच कर रही है कि कितने राउंड गोलियां चली है. एक शादी समारोह के दौरान यह गोली चलने की बात सामने आ रही है. इस घटना में 52 वर्षीय नरेश पटेल और उनका 30 वर्षीय बेटा सत्य प्रकाश पटेल घायल हुए हैं. सत्य प्रकाश को सिर के पास गोली लगी है जबकि नरेश को हाथ में गोली लगी है. दोनों को ब्लड काफी अधिक निकलने पर ड्यूटी डॉक्टर मधुर चौधरी के द्वारा जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया.

घायलों के परिजन नितिन पटेल ने बताया कि शनिवार रात हरद्वानी गांव में नरेश पटेल और सत्य प्रकाश पटेल पर पुराने जमीन विवाद के चलते देवी पटेल, गुड्डू पटेल, अखिलेश पटेल, नरेंद्र पटेल, अमर पटेल और अमर के भांजे साथ ही भदू आदिवासी इन्होंने 18 राउंड गोलियां चलाई.

> एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदोरिया ने बताया कि 12 बोर की बंदूक से फायर हुआ है या अन्य किसी हथियार का उपयोग किया गया है. पूछताछ में अभी यह बात सामने आई है कि यह जमीनी विवाद विवाद है जो पिछले कई वर्षों से चला रहा है. आरोपियों की जल्द ही गिरफ्तारी कर ली जाएगी अभी आरोपी फरार चल रहे हैं. एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदोरिया ने भी कहा कि मामले की जांच जारी है.

घटना की जानकारी लगते ही सीएसपी एचआर पांडे, देहात थाना टीआई अमित कुमार गौतम, चौकी प्रभारी अभिषेक पटेल पुलिस बल के साथ घटना स्थल पहुंचे, वहीं कोतवाली टीआई मनीष कुमार, चौकी प्रभारी प्रियंका पटेल, एएसआई अकरम भी अस्पताल पहुंचे और घायलों के बयान दर्ज किए.

# सपोर्ट करो, नहीं तो यहीं कब्र खोद दूंगा

## खंडवा में वन अफसर की धमकी का वीडियो वायरल

**खंडवा, 19 अप्रैल. मांधाता विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नरलाय में वन विभाग की कार्रवाई के दौरान बड़ा विवाद खड़ा हो गया. वन भूमि से अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम और ग्रामीणों के बीच तीखी झड़प हुई, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है.**



बताया जा रहा है कि कार्रवाई के दौरान फॉरेस्ट रेंजर शंकर चौहान और ग्रामीण आमने-सामने आ गए. इसी बीच रेंजर का एक कथित वीडियो सामने आया है, जिसमें वे ग्रामीणों को धमकाते हुए कहते सुनाई दे रहे हैं— 'सपोर्ट करो, नहीं तो यहीं कब्र खोद दूंगा.' इस बयान के सामने आने के बाद मामला और तूल पकड़ गया है.

**चार पीढ़ियों का दावा, उजड़ने का डर :** ग्रामीणों का कहना है कि वे पिछले चार पीढ़ियों से इस जमीन पर खेती कर रहे हैं और यहीं उनके घर भी बने हुए हैं. कार्रवाई के दौरान महिलाएं और बच्चे भी विरोध में उतर आए. लोगों ने आरोप लगाया कि बिना उचित पुनर्वास और सूचना के उन्हें बेदखल किया जा रहा है.

**जमीन को लेकर अलग-अलग दावे:** जानकारी के अनुसार, करीब 23 एकड़ जमीन चार साल पहले वन विभाग को सौंपी गई थी, जिस पर अब विभाग कब्जा लेने पहुंचा. वहीं ग्रामीणों का दावा है कि वे करीब 85 एकड़ जमीन पर वर्षों से खेती कर रहे हैं और यह उनका पुश्तैनी हक है. गांव के करीब 15-20 परिवार इस विवाद से प्रभावित बताए जा रहे हैं.

### हंगामे के बीच बढ़ा तनाव

कार्रवाई के दौरान मौके पर भारी हंगामा हुआ और हालात तनावपूर्ण बन गए. ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी जमीन छीनी गई तो वे आंदोलन तेज करेंगे.

**प्रशासन पर उठे सवाल:** इस पूरे मामले में अब वन विभाग की कार्यशैली और अधिकारियों के व्यवहार पर सवाल उठ रहे हैं. वायरल वीडियो के बाद उच्च स्तर पर जांच की मांग भी तेज हो गई है.

# रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन में लगे 9 ट्रक जप्त

**सीधी। सोन घड़ियाल अमले द्वारा बीती रात दबिश कार्यवाही करते हुए सोन नदी से अवैध रेत का उत्खनन कर परिवहन करते 9 ट्रकों को जप्त करने में सफलता पाई है।**

लंबे समय से बुढ़वा, शहडोल, मैहर जिलों से सोन नदी क्षेत्र से अबैध रेत निकासी की सूचना मिल रही थी जिस पर सोन घड़ियाल के तीन परिक्षेत्रों की टीम जिसमे 40 से ज्यादा कर्मचारी हथियारबन्द तैयार होकर विगत दिनों रवाना हुई थी और देर रात रामपुर नैकिन परिक्षेत्र के रामनगर थानांतर्गत कुबरी गांव में सोन घड़ियाल के हथियार बन्द कर्मचारियों ने दबिश दी जिसके बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। संजय टाईगर रिजर्व सीधी के उप संचालक राजेश कन्ना टी स्वयं दबिश कार्रवाई के दौरान मौजूद रहे। उनके द्वारा सोन घड़ियाल अभ्यारण्य क्षेत्र से बड़े पैमाने पर रात में रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन होने की सूचना पर काफी संख्या में विभागीय अमले को बुलाकर दबिश कार्रवाई रात में की गई।

### इनका कहना है

कुछ गाडियो को ड्राइवर मौके से लेकर भाग खड़े हुए, लेकिन 9 ट्रकों को जप्त करने में सफलता पाई है, जिसके बाद सभी ट्रकों को सीधी जिला मुख्यालय लाकर सिटी कोतवाली में सुपुर्द खड़ा कराया गया है।

# अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई, 21 प्रकरण दर्ज

**मुरैना, 19 अप्रैल. जिले में कलेक्टर के मार्गदर्शन में वन, खनिज, पुलिस और परिवहन विभाग द्वारा अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध संयुक्त अभियान चलाकर व्यापक कार्रवाई की गई.**

आधिकारिक जानकारी के अनुसार अभियान के दौरान अवैध खनिज से जुड़े 21 प्रकरण दर्ज किए गए, जबकि अवैध परिवहन के 100 मामलों में कार्रवाई की गई. इसके अलावा अवैध भंडारण के 13 मामले सामने आए. कार्रवाई के दौरान कुल 76 वाहनों की जांच की गई, जिनमें से 5 वाहनों को विधिवत जब्त किया गया. अभियान में कुल 7 लाख 21 हजार 163 रुपये का जुर्माना निर्धारित किया गया, जिसमें से 5 लाख 60 हजार 879 रुपये की वसूली की जा चुकी है. पुलिस ने 12 मामलों में एफआईआर दर्ज कर 41 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है. बिना नंबर प्लेट के 33 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 11 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया, जबकि ओवरलोडिंग के एक मामले में 10 हजार रुपये का दंड लगाया गया.

# एक नजर में



### मॉडल हर्षा रिछारिया ने लिया संन्यास

**उज्जैन.** प्रयागराज महाकुंभ से चर्चा में आई सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर हर्षा रिछारिया ने आश्रम की संन्यास दीक्षा ली. यह दीक्षा शिप्रा नदी के किनारे मौनी तीर्थ आश्रम में ली गई. अब आज से हर्षा रिछारिया स्वामी हर्षानंद गिरि नाम से पहचानी जाएगी. उज्जैन के मौनी तीर्थ आश्रम में दीक्षा आयोजन हुआ. इस आयोजन में हर्षा ने दीक्षा लेने के दौरान परम्परा का निर्वहन किया. यहां प्राश्चित कर्म, पिण्डदान, शिखा व दण्ड विसर्जन किया गया. दीक्षा की यह परंपरा महामंडलेश्वर सुमनानंद गिरि महाराज के सान्निध्य में हुई. दीक्षा के दौरान बटुकों द्वारा मंत्र उच्चारण किए गए. वहीं विभिन्न धार्मिक रस्में भी निभाई गई.

### सड़क भीषण हादसे में दो मृत और चार घायल

**बालाघाट।** कटंगी वेयर हाऊस के पास सिवनी रोड पर एक कार चालक ने एक साथ दो मोटर साइकिल को टक्कर मारा जिसमें दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई और चार घायल हो गए। कटंगी पुलिस से मिली जानकारी अनुसार ग्राम पानडरवानी निवासी स्वरूपचन्द लांजेवार 54 वर्ष और उनकी पत्नी सकुन लांजेवार उर्म 45 वर्ष अपने रिश्तेदार के घर वरुण जा रहे थे तभी सिवनी की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मारी जिससे मौके पर ही स्वरुपचन्द की मौत हो गई और उनकी पत्नी ने कटंगी अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड दिया। दूसरी बाईक में सवार मानपुर लालबर्रा निवासी जोतेश पिता दिगम्बर जाति मरार उर्म 35 वर्ष शीतल पिता जोतेश 30 वर्ष, महिरा 6 वर्ष तथा यश चार वर्ष को गम्भीर चोटें आई हैं, उन्हें बालाघाट अस्पताल भेजा गया है। कटंगी पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### ऑनलाइन सट्टा पकड़ाया 5 सटोरिये दबोचे

**इंदौर.** आईपीएल मैच पर ऑनलाइन सट्टा लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए खजराना पुलिस ने 5 सटोरियों को रंगेहाथ पकड़ लिया. आरोपी मोबाइल के जरिए मैच की हार जीत पर दांव लगा रहे थे. पुलिस आयुक्त के निर्देशन में शहर में सट्टेबाजी पर सख्ती के आदेश के बाद खजराना पुलिस लगातार निगरानी कर रही है. इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि स्टार चौराहे के पास ग्रीन बेल्ट में कुछ लोग घेरा बनाकर मोबाइल पर सट्टा चला रहे हैं. सूचना पर थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने मौके पर दबिश दी. जांच में सामने आया कि आरोपी 18 अप्रैल को खेले गए आईपीएल मैच डीसी बनाम आरसीबी पर ऑनलाइन सट्टा लगा रहे थे. पुलिस ने सभी पांचों आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया.

सफलता

**बिहार से एक आरोपी गिरफ्तार,डेहरी ऑन सोन स्टेशन पर आरपीएफ की बड़ी कार्रवाई**

# बैंक डकैती : 15 लाख कैश और सोना बरामद

**सिंगरौली, 19 अप्रैल. जिले के बैढ़न स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र शाखा में हुई सनसनीखेज डकैती के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है. इस कांड के एक आरोपी कमलेश कुमार को बिहार के रोहतास जिले के डेहरी ऑन सोन रेलवे स्टेशन से रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने गिरफ्तार किया है. आरोपी के पास से 15.72 लाख रुपये नकद और भारी मात्रा में सोना बरामद किया गया है. बताया जा रहा है कि आरोपी पटना-सिंगरौली एक्सप्रेस ट्रेन से अपने गांव लौट रहा था, तभी उसकी संदिग्ध गतिविधियों के चलते आरपीएफ ने उसे पकड़ लिया.**



आरपीएफ अधिकारियों के अनुसार, ट्रेन में सफर के दौरान आरोपी की हरकतें संदिग्ध लगीं, जिस पर नजर रखी गई. डेहरी स्टेशन पहुंचने पर उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई. प्रारंभिक पूछताछ में टालमटोल करने के बाद सख्ती बरतने पर आरोपी ने सिंगरौली बैंक डकैती में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली. आरोपी नालंदा जिले के हिलसा थाना क्षेत्र के ग्वाल बिगहा गांव का निवासी है. पुलिस अब उससे जुड़े अन्य आरोपियों के बारे में भी जानकारी जुटा रही है.

### 15-20 मिनट में वारदात, हथियारों के दम पर लूट

17 अप्रैल को हुई इस घटना में पांच हथियारबंद बदमाशों ने बैंक में घुसकर महज 15-20 मिनट में पूरी वारदात को अंजाम दिया था. बदमाशों ने पिस्टल और कट्टे के दम पर बैंक कर्मचारियों और ग्राहकों को बंधक बना लिया. विरोध करने पर हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाई गई. ग्राहकों के मोबाइल फोन एकत्र कर लिए गए और जरा सी हलचल पर गोली मारने की धमकी दी गई. बैंक मैनेजर को धमकाकर गोल्ड लोन लॉकर की चाबियां ली गई और करीब ढाई किलो सोने के जेवरात के साथ 20 लाख रुपये से अधिक की नकदी लूट ली गई.

### फरार आरोपियों की तलाश तेज, 50 हजार का इनाम घोषित

घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी दो बाइकों से फरार हो गए थे. पुलिस को मौके से एक कट्टा बरामद हुआ है, जबकि सीसीटीवी फुटेज में तीन आरोपियों के चेहरे स्पष्ट दिखे हैं. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है. मुख्यमंत्री के निर्देश पर पुलिस ने सीमावर्ती इलाकों में नाकाबंदी बढ़ा दी है और कई टीमें लगातार दबिश दे रही हैं. एक आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस को जल्द ही पूरे गिरोह के खुलासे की उम्मीद है.


